


# वार्षिक प्रगति आख्या

**2020-2021**



Website: www.gdckanda.in
Email: gdckanda@rediffmail.com
Contact No.: 05963-241256

## राजकीय महाविद्यालय
## काण्डा (बागेश्वर)



# वार्षिक आख्या (Annual Report)

## 2020-2021

राजकीय महाविद्यालय काण्डा (बागेश्वर) उत्तराखण्ड–263631

# संदृष्टि (Vision)

"विद्यार्थियों को कौशलयुक्त शैक्षणिक ज्ञान हेतु परिवेश उपलब्ध करवाना, उनमें आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना"

"छात्रेभ्यः कौशलयुक्त शैक्षिकज्ञानाय परिवेशप्रदानं आत्मनिर्भरता सामाजिक, समरसता एवच्च सम्पूर्णराष्ट्रस्य सर्वांगीण विकासाय स्वस्य सहभागिता सुनिश्चित करणीयाः तथा च गुणवत्तापूर्णं शिक्षा प्रदानम्"

"To provide an environment for skilful academic knowledge to the students and quality education ensuring their self reliance, social harmony and active participation for all around development of the nation"

# ध्येय (Mission)

- समाज के प्रति उत्तरदायी और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग नागरिक का निर्माण करना।
- विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, तार्किक, बौद्धिक क्षमताओं एवं सामाजिक समरसता जैसे उच्च गुणों का विकास करना।
- शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र रूप से विकास करना।
- महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए शैक्षिक परिवेश का निर्माण करना।
- नवाचार एवं अनुसंधानपरक परिवेश का निर्माण करना।
- समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा प्रदान करना।
- वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में भविष्य की चुनौतियों हेतु विद्यार्थियों को सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना।
- जिज्ञासु प्रवृत्ति, अभ्यास द्वारा अधिगम की क्षमता, निरंतर नवीन कौशलों का अर्जन, आत्माभिव्यक्ति एवं स्वमूल्यांकन के गुणों का विकास करना जिससे विद्यार्थी स्वयं की असीमित क्षमताओं से परिचित हो सके।
- सामाजिक न्याय, समानता, बंधुत्व एवं लोकतान्त्रिक मूल्यों में विश्वास जैसे उच्च गुणों का विकास करना।
- स्वयं के ज्ञान, कौशल, बौद्धिक क्षमता एवं उपलब्ध संसाधनों का अपने समाज, राज्य एवं राष्ट्र की प्रगति हेतु उपयोग करने के गुणों का विकास करना।

## प्राक्कथन



राजकीय महाविद्यालय काण्डा बागेश्वर जिले के कांडा तहसील के आसपास के क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा मंच प्रदान करने के लिए उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है। महाविद्यालय की स्थापना 2006 में स्थानीय हितधारकों के बड़े हितों को पूरा करने के लिए की गई थी। प्रारंभ में, वाणिज्य संकाय में ही पाठ्यक्रम संचालित होता था। इसके बाद, कला और विज्ञान संकाय में पाठ्यक्रम क्रमशः 2009 और 2019 से चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य, विज्ञान और कला के सभी पाठ्यक्रम हैं। महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 2(f) के तहत मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, एवं सोबन सिंह जीना वि0वि0 अल्मोड़ा, उत्तराखंड से संबद्ध है और उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखंड सरकार के मार्गदर्शन में भी चल रहा है। महाविद्यालय को राज्य सरकार और रूसा कार्यक्रम से वित्तीय सहायता मिल रही है।

महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापक युवा हैं और छात्रों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बौद्धिक रूप से स्वस्थ, अभिनव युवाओं के विकास को बढ़ावा देने और लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भावना और सामाजिक समानता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करना शिक्षकों और छात्रों की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में विभिन्न विषयों में डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए लगभग 250 छात्र–छात्राएँ पंजीकृत हैं। समय–समय पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे ई–क्विज, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाता रहा है। इसके अलावा, महाविद्यालय समाज कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित करता है, जैसे **''एक भारत श्रेष्ठ भारत''**, **''बेटी बचाओ, बेटी पढाओ''**, **''हिमालय बचाओ''**, **''थिंक क्लीन एंड गो ग्रीन''**।

तो आइए हम आगे आएं और तार्किक रूप से सोचें और कार्य करें और वैज्ञानिक दृ ष्टिकोण अपनाकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करें ताकि ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। हमारा उद्देश्य महत्वपूर्ण रूप से छात्र को तनाव मुक्त और व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है। हमारा जोर युवा और नवोदित प्रतिभाओं को बेहतर ज्ञान, गुणवत्ता कौशल और व्यक्तिगत विशेषताओं से लैस करने पर है। यह छात्रों में वैज्ञानिक और तर्कसंगत स्वभाव पैदा करके और विकसित करके प्राप्त किया जा सकता है। हम अधिक प्रभावी सीखने के लिए विभिन्न ऑडियो विजुअल मोड, ऑनलाइन कक्षाओं, एलसीडी प्रोजेक्टर का उपयोग कर रहे हैं। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए सदैव प्रेरित एवं उत्साहित रहते हैं इसके लिए वे सभी बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं। मैं महाविद्यालय की वार्षिक आख्या निर्माण समिति की टीम को इसके सफल निर्माण एवं प्रकाशन हेतु शुभकामनाएँ देती हूँ और आशा करती हूँ कि यह महाविद्यालय भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

(डॉ0 मधुलिका पाठक)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
काण्डा (बागेश्वर)

# कॉलेज के बारे में

कांडा उत्तराखंड राज्य के जिला बागेश्वर की एक तहसील है और जिला मुख्यालय बागेश्वर से लगभग 25 किमी दूर स्थित है। यह एक छोटा सा शहर है और इसमें बिखरी हुई मानव बस्ती के साथ सुंदर परिदृश्य है। यह क्षेत्र देवी कालीशन या कालिका के लिए प्रसिद्ध है। बहुत प्रसिद्ध प्राचीन भद्रकाली मंदिर कांडा गांव के पास स्थित है। भौतिक दृष्टि से कांडा समुद्र तल से 1600 मी0 की ऊंचाई पर स्थित है। क्षेत्र का तापमान पूरे वर्ष अनुकूल रहता है और 25 $^{o}C$ से 30 $^{o}C$ के बीच बदलता रहता है। महाविद्यालय 2006 से राजकीय इंटर कॉलेज, कांडा के पुराने भवन में संचालित हुआ था। वर्तमान में महाविद्यालय अपने नवनिर्मित भवन में भवन हस्तांतरण के उपरान्त सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। नवनिर्मित भवन कांडा गांव से लगभग 01 किमी दूर है और छोटी पहाड़ी पर स्थित है। महाविद्यालय में छात्रसंख्या हालांकि कम है, लेकिन इसकी स्थापना के बाद से यह धीरे–धीरे बढ़ रहा है। वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान, कला और वाणिज्य तथा स्नातकोत्तर स्तर पर पॉच विषयों– इतिहास, संस्कृत, समाजशास्त्र, हिंदी और राजनीति विज्ञान संचालित हो रहे हैं।

# महाविद्यालय कुलगीत

परम सुहावन अतीव पावन।
सरस्वती का सदन हमारा।।
यहॉ पयोधर नदी सरोवर।
बहा रहे हैं पीयूष धारा।। परम0।।
तपःस्थली यह बागेश शिव की।
यहॉ हिमालय किरीट प्यारा।।
परम0।।
मॉ कालिका की है छत्रछाया।
नागेश्वरों ने इसे सॅवारा।। परम0।।
जो ज्ञान दीपक जला–जलाकर।
मिटा रहा है अबोध सारा।। परम0।।
मिले सभी को विवेक का पथ।
यही है जिसका उदार नारा।।
परम0।।

डॉ0 भवानीदत्त काण्डपाल,
भूतपूर्व प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय काण्डा

# Annual Progress Report: 2020-2021
# Part A: College profile and infrastructure

| | |
|---|---|
| Name of the institution: | Government Degree College, Kanda, Bageshwar-263631 |
| Institutional Email: | gdckanda@rediffmail.com |
| Website: | www.gdckanda.in |
| Head of the institution: | Dr. Madhulika Pathak |
| Contact No.: | 9410512036 |
| IQAC coordinator: | Dr. Dinesh Joshi |
| Contact No.: | 8755086027 |
| Affiliation Status: | Affiliated to Kumaun University, Nainital, and Soban Singh Jeena, University, Almora |
| Type of Institute: | Rural and co-educational institute |
| Course: | Under graduate programs in Science, Arts, and Commerce, and Post graduate programs in Hindi, History, Political Science, Sanskrit, and Sociology |
| Teaching Staff: | 28, (Permanent-26, Guest-02) |
| Non-Teaching Staff: | 10 |
| Physical Infrastructure: | Computer Lab, Smart Class room, Conference Hall, Sports Room, Four Class rooms, One Science Lab, One Geography and One Home Science Lab, Examination room, Library, Principal Office, Office, Guest Room, Playground, Solar Panel |
| Extra-Curricular Activities: | NSS, Rover-Ranger |
| Internet Facility: | Jio 4G-internet connectivity throughout the campus |
| Student Strength: | Total students-243 (Boys-38, Girls-205) |
| No. of books in Library: | Toal books-9,981 (College Library-5,949, RUSA-4,032) |
| College website: | www.gdckanda.in |

# Department vise student strength

| S.No. | Class | Student | | | S.C. | | | S.T. | | | OBC | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total |
| Graduation | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | B.A. 1st | 14 | 46 | 60 | 06 | 20 | 26 | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 2. | B.A. 2nd | 05 | 44 | 49 | | | | | | | | | |
| 3. | B.A. 3rd | 04 | 51 | 55 | 03 | 18 | 21 | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 4. | B.Sc. 1st | 04 | 10 | 14 | 01 | 04 | 05 | - | - | - | - | - | - |
| 5. | B.Sc. 2nd | - | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| 6. | B.Com. 1st | 03 | - | 03 | | | | | | | | | |
| 7. | B.Com.2nd | 02 | - | 02 | | | | | | | | | |
| 8. | B.Com. 3rd | - | 04 | 04 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| Post-Graduation | | | | | | | | | | | | | |
| 9. | M.A. 1st | 06 | 32 | 38 | 04 | 12 | 16 | - | - | - | - | 02 | 02 |
| 10. | M.A. 2nd | - | 17 | 17 | - | 06 | 06 | - | - | - | - | - | - |

## College activities and achievements (in Hindi)

1. महाविद्यालय वेबसाइट पर महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाओं एवं क्रिया–कलापों को निरंतर अपलोड किया जाता है व वेबसाइट को अपडेट किया जाता है।
   महाविद्यालय वेबसाइटः **www.gdckanda.in**

2. महाविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे **Facebook, Twitter, Youtube** पर संबधित सूचनाओं एवं गतिविधियों को निरंतर प्रकाशित किया जाता है।
   Facebook page link: **https://www.facebook.com/gdc.kanda.9**
   Twitter id link: **@gdckanda**
   You tube channel link

   **https://www.youtube.com/channel/UCt2FdCiGuTFz10UI7uuIE_g**

3. महाविद्यालय की छात्रवृत्ति समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2020–21 में अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर कुल 47 (40 छात्राओं एवं 07 छात्र) के आवेदन प्राप्त किये गये।

4. महाविद्यालय के वाचनालय में छात्र–छात्राओं के ज्ञानार्जन हेतु प्रतियोगिता दर्पण पत्रिका एवं विभिन्न समाचार पत्रों जैसे अमर उजाला, हिन्दुस्तान आदि **subscribe** किये गये हैं।

5. प्रेस विज्ञप्ति समिति द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों को समय–समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित–प्रसारित किया जाता है।

6. सीमित संसाधनों के बावजूद राजकीय महाविद्यालय कांडा की मेधावी छात्रा रेखा भट्ट ने मेरिट सूची में पहला स्थान पा कर महाविद्यालय का नाम किया रोशन।

7. फरवरी माह 2020 में महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ELC) का गठन किया गया ।

8. दिनॉक 24.02.2020 को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 1600 वर्ग मी0 दौड़, 400 वर्ग मी0 दौड़, 100 वर्ग मी0 दौड़, चक्का फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

9. 05 जून 2020 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

10. 04 जुलाई 2020 को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ0 विजय आर्या को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई।











# एसएसजे परिसर में पहली बार पीएचडी का ऑनलाइन वायवा

संवाद न्यूज एजेंसी

**अल्मोड़ा।** एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के इतिहास में पहली बार शनिवार को वनस्पति विज्ञान विभाग में ऑनलाईन पीएचडी की मौखिक परीक्षा ली गई। शोधार्थी विजय आर्या ने पीएचडी शोध ग्रंथ का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण स्काईप अप्लीकेशन के माध्यम से दिया। बाह्य परीक्षक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रो. एनके दूबे, प्रो. जेएस रावत समेत 12 अन्य लोगों ने साक्षात्कार में ऑनलाइन भाग लिया।

प्रो. दूबे ने लाईकेन वनस्पति के विभिन्न आयामों पर उत्तराखंड हिमालयी क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में किए गए शोधकार्य की सराहना की। ताड़ीखेत निवासी विजय आर्या ने डॉ. बलवंत कुमार के निर्देशन में और प्रो. जेएस रावत के सह निर्देशन में अपना शोध किया है।

वर्तमान में विजय आयोग से चयनित होकर राजकीय महाविद्यालय कांडा (बागेश्वर) में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। विभाग में पहली बार ऑनलाइन पीएचडी वाइवा आयोजित कराने के लिए कुमाऊं विवि की अनुमति के लिए विभागाध्यक्ष और अन्य लोगों ने सराहना की।

इस मौके पर परिसर विभागाध्यक्ष डॉ. बलवंत कुमार, विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. धनी आर्या, डॉ. सुभाष चंद्रा, गेस्ट फैकल्टी डॉ. मंजुलता उपाध्याय, डॉ. मनीष त्रिपाठी, शोधार्थी महेश कुमार आर्या, रविंद्र, तनुजा जोशी मौजूद थे। संवाद

11. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्वरोजगार योजना हेतु जारी **HOPE Portal (Helping Out People Every Where)** के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से महाविद्यालय में होप समिति का गठन किया गया है। होप समिति द्वारा जुलाई माह 2020 में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के कौशल विकास की आवश्यकता व उनके रोजगार से संबंधित डाटाबेस तैयार करने हेतु छात्र–छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से होप पोर्टल के प्रति जानकारी दी गई।

12. दिनांक 15.07.2020 को राजकीय महाविद्यालय कांडा (बागेश्वर) में हरेला के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण किया गया।





13. दिनांक 11 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, बागेश्वर द्वारा विकास भवन सभागार में आयोजित बालिका सम्मान समारोह में जिलाधिकारी महोदय श्री विनीत कुमार द्वारा राजकीय महाविद्यालय कांडा की विश्वविद्यालय परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर कु0 रेखा, कु0 हेमा आर्या, कु0 माया पंत एवं कु 0 तनुजा आर्या को रू0 2500/— की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में भी अपनी शिक्षा को जारी रखते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर कु0 रेखा आर्या, कु0 सोनल आर्या एवं कु0 भावना माजिला को रू0 1000/— की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मधुलिका पाठक द्वारा समस्त बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और बेहतर करने हेतु प्रेरित किया गया तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने भी सम्मानित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।





14. दिनॉक 15.08.2020 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

15. दिनांक 28.08.2020 को महाविद्यालय में माननीय डॉ बी0एस0 बिष्ट (उपाध्यक्ष उत्तराखंड उच्च शिक्षा उन्नयन समिति), उपनिदेशक उच्चशिक्षा, डॉ एन0एस0 बनकोटी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

16. दिनांक 29.08.2020 को महाविद्यालय में नवनियुक्त सहा0 प्राध्यापकों हेतु एक दिन का ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्राचार्या महोदया डॉ0 मधुलिका पाठक की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान प्रो0 पूनम रौतेला ने नैक, सेवा एवं आचरण नियमावली पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सहायक कार्यालय अध्यक्ष श्री मनोज कुमार जी ने वित्तीय संबंधी विभिन्न जानकारियां दी।

17. दिनांक 02.10.2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी प्राध्यापकों को सत्य एवं अहिंसा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया।







18. दिनांक 06.10.2020 को माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत जी ने रूसा द्वारा निर्मित कंप्यूटर सेंटर का लोकार्पण किया तथा भवन में निर्मित शौर्य दीवार का भी अनावरण किया ।

19. दिनांक 08.10.2020 को कला एवं विज्ञान संकाय के संबद्धता विस्तारण हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय के निरीक्षण मंडल ने निरीक्षण किया गया। जिसमें कुलपति जी द्वारा नामित प्रा0 ए0एस0 अधिकारी, (अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ, एस एस जे परिसर अल्मोड़ा), निदेशक उच्च शिक्षा प्रतिनिधि, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बेरीनाग, प्रो0 जे0एस0 बिष्ट (हिंदी विषय विशेषज्ञ, एस एस जे परिसर अल्मोड़ा), प्रो जीसी शाह (रसायन विज्ञान विशेषज्ञ, एस एस जे परिसर अल्मोड़ा), एवं अधिशासी अभियंता पी डबल्यूडी बेरीनाग ने महाविद्यालय में निरीक्षण कर विज्ञान संकाय में एक वर्ष की अस्थाई संबद्धता विस्ताराण हेतु संस्तुति दी।





20. 09 अक्टूबर 2020 को कोविड–19 संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु शपथ प्रतिज्ञा ली गई।



21. दिनांक 21.10. 2020 को माननीय विधायक कांडा–कपकोट श्री बलवंत सिंह भौर्याल जी द्वारा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा प्रांगण में टाइल्स लगवाने हेतु कार्यदायी संस्था के प्रबंधक को आदेशित किया गया साथ ही संपर्क मार्ग के डामरीकरण कार्य को भी शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया गया।



# विधायक ने किया कांडा महाविद्यालय का निरीक्षण

कांडा | हमारे संवाददाता

विधायक बलवंत सिंह भौर्याल ने कांडा डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कॉलेज की व्यवस्था जांची और समस्याओं पर चर्चा की।

विधायक ने कहा कि विकास कार्य में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। एक पखवाड़े पहले कांडा डिग्री कॉलेज का भवन विद्यालय को हस्तांतरित हुआ है। बुधवार को विधायक भौर्याल कॉलेज पहुंचे। यहां पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक ने उनका स्वागत किया। विधायक ने प्राचार्य से विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा की। हर समस्या के साथ समाधान करने का भरोसा दिया। इसके बाद विधायक कालिका मंदिर में पहुंचे। मौके पर विजय अर्या, भरत राम, डॉ. भारती, डॉ. प्रीति रावत, नीलम, डॉ. कमलेश, डॉ. महेश शर्मा रहे।

22. दिनांक 26.11.2020 को एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, न्याय, स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली गई।

23. 01 दिसम्बर 2020 को एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा विश्व एड्स दिवस पर ऑनलाईन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान तक पुरस्कृत किया गया।

24. दिनांक 15.12.2020 को उत्तराखंड सरकार द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को 4G कैंपस युक्त बनाने संबंधी अभियान के क्रम में माननीय विधायक कांडा–कपकोट श्री बलवंत सिंह भौर्याल जी द्वारा जिओ **4G** इंटरनेट कनेक्टिविटी का उदघाटन किया गया। माननीय विधायक जी द्वारा डिजिटल तरीके से फीता काटकर **4G** इंटरनेट कनेक्टिविटी का शुभारंभ किया।






25. दिनांक 17.12.2020 को एनएसएस सेवियों द्वारा ''स्पर्श गंगा अभियान'' के तहत जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

26. दिनांक 23.12.2020 को राष्टीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा **Voluntary Blood Donation** विषय पर एक लघु फिल्म बनाई गई जिसमें सभी स्वयंसेवकों द्वारा अपनी भूमिका निभाई गई।

27. जनवरी माह 2021 में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा युवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत 12.01.2021 युवा दिवस, 13.01.2021 को स्वच्छता कार्यक्रम, 16.01.2021 रक्तदान कार्यक्रम, 18.01.2021 को कोविड–19 पर जागरूकता कार्यक्रम, 20.01.2021 को वृक्षारोपण तथा 23.01.2021 को युवा पखवाड़ा के समापन पर सुभाष जयन्ती मनाई गई।

















28. 13 फरवरी 2021 को कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए महाविद्यालय में समस्त छात्र छात्राओं हेतु करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया।





29. 23 फरवरी 2021 को हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य पर कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने सभी छात्र–छात्राओं से अपनी मातृभाषा द्वारा अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने एवं संरक्षित रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भी अपनी मातृभाषा और कुमाऊनी भाषा में गीत प्रस्तुत किए गए।





30. फरवरी माह 2021 में करियर काउंसलिंग के द्वितीय सत्र के दौरान समाजशास्त्र विभाग की सहा0 प्राध्यापिका डॉ0 नीलम सौन ने समाज के विकास में युवा वर्ग की भूमिका एवं योगदान विषय पर अपने विचार रखे साथ ही समाजशास्त्र विषय की उपयोगिता के बारे में बताया।






31. 09 मार्च 2021 को महाविद्यालय के ''एंटी ड्रग क्लब'' के तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग बागेश्वर की मानसिक स्वास्थ्य टीम के मुख्य डॉ० हरीश पोखरिया (चिकित्सा प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कांडा) द्वारा महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए तनाव मुक्त जीवन जीने पर जोर दिया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा प्राध्यापकों एवं छात्र– छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० मधुलिका पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा नशा मुक्त समाज बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ ० सचिन अग्रवाल द्वारा सभी छात्र–छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० विजय आर्या, पंकज कुमार टम्टा, प्रवीण, प्रमोद वर्मा आदि ने नशे के मुख्य कारणों, दुष्परिणामों एवं रोकथाम के बारे में अपने विचार रखे। महाविद्यालय की छात्राओं नेहा चंदोला, अंजली आर्या तथा रिया ने कविता के माध्यम से नशा मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० विनोद साह ने किया।




राजकीय महाविद्यालय, काण्डा, बागेश्वर
राजकीय महाविद्यालय काण्डा, बागेश्वर
एण्टी ड्रग सैल
हर तरह का नशा, अनमोल जीवन की दुर्दशा
राजकीय महाविद्यालय काण्डा (बागेश्वर)




राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम बागेश्वर
मानसिक स्वास्थ्य शिविर
NATIONAL HEALTH MISSION
1)- आपकी नींद कैसी है - सामान्य/परिवर्तित
2)- आपकी भूख कैसी है - सामान्य/परिवर्तित
3)- दैनिक कार्य करने से आपका मन कैसा है- सामान्य/परिवर्तित
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण जनपद बागेश्वर

32. दिनांक 12.03.2021 से 18.03.2021 तक प्रथम सात दिवसीय शिविर का ग्राम सौखोला में 25 एनएसएस स्वयंसेवियों के साथ आयोजन किया गया।










33. 12 मार्च 2021 को महाविद्यालय में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, भाषण, समूहगान आदि कार्यक्रम किये गये, साथ ही कांडा पड़ाव में एक रैली का भी आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने पूर्ण जोश एवं उत्साह के साथ समाज को आजादी के महत्व के बारे में नारे एवं देशभक्ति गीत के माध्यम से जागरूक किया।












# विभागीय परिषद कार्यक्रम

- माह जुलाई 2020 में विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों द्वारा एक **Online Science Quiz Competition** का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया एवं ई – प्रमाण पत्र प्राप्त किए। उक्त प्रतियोगिता में संयोजक डॉ० विजय आर्या (असि0 प्रोफे0 वनस्पति विज्ञान), आयोजक श्री पंकज कुमार टम्टा (असि0 प्रोफे0 वनस्पति विज्ञान), सचिव श्री कैलाश टम्टा (असि0 प्रोफे0 रसायन विज्ञान) एवं विज्ञान संकाय के समस्त सहा० प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

- अगस्त माह 2020 में कला संकाय के प्राध्यापकों द्वारा ज्ञानदीप सामान्य ज्ञान ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के 180 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया एवं ई–प्रमाण पत्र प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में संयोजक श्री भरत राम (असि0 प्रो0 अंग्रेजी), आयोजक डॉ0 नीलम सौन (असि0 प्रो0 समाजशास्त्र) एवं सचिव डॉ0 आशा आर्या (असि0 प्रो0 इतिहास) रहे एवं कला संकाय के सभी प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

- जनवरी माह 2021 में समाजशास्त्र विभाग द्वारा ऑनलाईन माध्यम से "कोविड–19 से उत्पन्न सामाजिक समस्याएँ एवं लोगों पर उनका प्रभाव" विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा तृतीय स्थान तक छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

- 08.01.2021 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाईन माध्यम से "मौलिक अधिकार" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान सोनी पिलख्वाल बी0ए0 द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान गुंजन पाण्डे बी0ए0 द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पूजा आर्या बी0ए0 द्वितीय वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार हिमानी माजिला बी0ए0 द्वितीय वर्ष को मिला।

- 08 मार्च 2021 को वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ0 विजय आर्या ने बी०एस०सी० के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण के दौरान महाविद्यालय प्रांगण में उगने वाली विभिन्न वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार की लाईकेन वनस्पति से भी रूबरू कराया।



# महाविद्यालय स्टाफ

**प्राचार्य**
डॉ0 मधुलिका पाठक

**कला संकाय**

प्रो0 पूनम रौतेला – प्रो0 भूगोल

प्रो0 बीना मथेला – प्रो0 हिन्दी

डॉ0 नगेन्द्र पाल – असि0 प्रो0, राजनीति विज्ञान

डॉ0 विनोद साह – असि0 प्रो0, मानव विज्ञान

श्री भरत राम – असि0 प्रो0, अंग्रेजी

नीतू खुल्बे – असि0 प्रो0, इतिहास

डॉ0 आशा आर्या – असि0 प्रो0, इतिहास

डॉ0 राखी बाल्मिकी – असि0 प्रो0, समाजशास्त्र

डॉ0 नीलम सौन – असि0 प्रो0, समाजशास्त्र

डॉ0 शालिनी पाण्डे – असि0 प्रो0, गृह विज्ञान

डॉ0 भूपेन्दर औलख – असि0 प्रो0, गृह विज्ञान

श्री हरीश कुमार – असि0 प्रो0, संस्कृत

श्री जलज कुमार – असि0 प्रो0, संस्कृत

श्री कैलाश – असि0 प्रो0, हिन्दी

श्री दिनेश कुमार – असि0 प्रो0, राजनीति विज्ञान

श्री प्रमोद वर्मा – शिक्षाशास्त्र (गेस्ट फैकल्टी)

डॉ0 निधि अधिकारी – अर्थशास्त्र (गेस्ट फैकल्टी)

**वाणिज्य संकाय**

डॉ0 दिनेश जोशी – असि0 प्रो0, वाणिज्य

डॉ0 सचिन अग्रवाल – असि0 प्रो0, वाणिज्य

**विज्ञान संकाय**

डॉ0 विजय आर्या – असि0 प्रो0, वनस्पति विज्ञान

श्री पंकज कुमार टम्टा – असि0 प्रो0, वनस्पति विज्ञान

सुश्री भारती – असि0 प्रो0, गणित

श्री संजीव कुमार – असि0 प्रो0, गणित

श्री कैलाश टम्टा – असि0 प्रो0, रसायन विज्ञान

डॉ0 प्रीति रावत – असि0 प्रो0, रसायन विज्ञान

हेमलता – असि0 प्रो0, भौतिक विज्ञान

डॉ0 स्नेह जोशी – असि0 प्रो0, भौतिक विज्ञान

श्री परवीन – असि0 प्रो0, जीव विज्ञान

**प्रयोगशाला सहायक**

श्री राजेन्द्र प्रसाद – वनस्पति विज्ञान

श्री त्रिभुवन सिंह – भौतिक विज्ञान

डॉ0 ललित मोहन जोशी – भूगर्भ विज्ञान

श्री प्रमोद कुमार भट्ट – रसायन विज्ञान

श्री भास्करानन्द द्विवेदी – प्रयो0 परिचर (उपनल)

**शिक्षणेत्तर कर्मचारी (कार्यालय स्टाफ)**

श्री मनोज कुमार – प्रधान सहायक

श्री होशियार राम – कनिष्ठ सहायक

श्री प्रकाश राम – कनिष्ठ सहायक (उपनल)

श्री गोबिन्द सिंह भाकुनी – अनुसेवक (उपनल)

श्री योगेश चन्द्र पन्त – अनुसेवक (उपनल)

# Department vise student strength

| S. N. | Class | Student | | | S.C. | | | S.T. | | | OBC | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total |
| **Graduation** | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | B.A. 1st | 14 | 46 | 60 | 06 | 20 | 26 | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 2. | B.A. 2nd | 05 | 44 | 49 | | | | | | | | | |
| 3. | B.A. 3rd | 04 | 51 | 55 | 03 | 18 | 21 | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 4. | B.Sc. 1st | 04 | 10 | 14 | 01 | 04 | 05 | - | - | - | - | - | - |
| 5. | B.Sc. 2nd | - | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| 6. | B.Com. 1st | 03 | - | 03 | | | | | | | | | |
| 7. | B.Com. 2nd | 02 | - | 02 | | | | | | | | | |
| 8. | B.Com. 3rd | - | 04 | 04 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| **Post-Graduation** | | | | | | | | | | | | | |
| 9. | M.A. 1st | 06 | 32 | 38 | 04 | 12 | 16 | - | - | - | - | 02 | 02 |
| 10. | M.A. 2nd | - | 17 | 17 | - | 06 | 06 | - | - | - | - | - | - |